# धोखाधड़ी करने पर मुकेश साहू और अंकित अग्रवाल पर FIR

## दोनों कॉलोनाइजरों ने तीन बीघा विवादित भूमि बेची, 68 लाख गंवाने के बाद महिला ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने ठगी करने वाले दो कालोनाईजारों पर एफआईआर दर्ज की है। दरअसल कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कॉलोनाइजरों द्वारा एक महिला को विवादित जमीन बेचकर लाखों रुपए की ठगी की थी, जिसकी शिकायत महिला द्वारा की गई थी। पुलिस ने विदिशा रोड़ निवासी दीक्षा गुप्ता की शिकायत पर शनिवार देर रात कॉलोनाइजर मुकेश साहू निवासी सुभाषगंज और अंकित अग्रवाल निवासी स्टेशन रोड के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज और आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है।




दरअसल पुलिस को दिये आवेदन में दीक्षा गुप्ता ने बताया कि उनकी पूर्व मुकेश साहू और अंकित अग्रवाल से पहचान थी, जिसके चलते उन्होंने आरोपियों से ग्राम फुटेरा पछार तहसील ईसागढ़ में लगभग तीन बीघा जमीन खरीदी थी। सौदा तय होने पर उन्होंने 24 अप्रैल 2023 को भारतीय स्टेट बैंक की अशोकनगर शाखा के माध्यम से 9-9 लाख रुपए के दो चेक कुल 18 लाख रुपए दिए। इसके अलावा दलाल चंद्रमोहन शर्मा निवासी नगेश्री चौराहा की मौजूदगी में 50 लाख रुपए नगद भी दिए गए। इस प्रकार कुल करीब 68 लाख रुपए का भुगतान किया गया, जिसके बाद 25 अप्रैल 2023 को जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। जब यह रजिस्ट्री कराई गई थी,तब उसे निर्विवाद बताया था, लेकिन रजिस्ट्री के कुछ दिनों बाद शून्य घोषित करने का निर्णय और इसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी का यहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने आरोपियों से पैसों की मांग की गई, जिस पर उन्होंने पैसे देने से इंकार करने के साथ ही गाली गलौच की, जिसके बाद महिला द्वारा यह शिकायत दर्ज करवाई गई।

### कोर्ट में चल रहा था केस, पैसे मांगने पर की थी अभद्रता

दीक्षा गुप्ता द्वारा आरोप लगाया कि दोनों विक्रेताओं ने इस भूमि को अपनी निर्विवाद और वैधानिक संपत्ति बताकर बेचा, जबकि यह भूमि पहले से ही न्यायालयीन विवाद में थी। जमीन को लेकर वर्ष 2017 से ही केस चल रहा था। इसके बाद प्रधान जिला न्यायाधीश अशोकनगर के न्यायालय में अपील लंबित थी। 9 फरवरी 2024 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए विक्रय को शून्य घोषित कर दिया और आवेदिका को भूमि से बेदखल करने का आदेश दिया। वहीं दीक्षा का आरोप है कि कॉलोनाइजरों को न्यायालयीन विवाद की पूरी जानकारी थी, फिर भी उन्होंने जानबूझकर तथ्यों को छिपाया और उनके साथ धोखाधड़ी की। जब सच्चाई सामने आने पर दीक्षा ने अपने रुपए वापस मांगे या भूमि का कब्जा देने की बात कही, तो आरोपियों ने साफ इनकार कर दिया और उनके साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 294 और 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# 2 किलो से ज्यादा गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी से बुलेट भी की गई जब्त**

**आरोपी कई मामले का है वारंटी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने हत्या के सजायाब आरोपी व बहादुरपुर के पूर्व के अपराध मे चल रहे स्थाई वारंटी को 2 किलो 11 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तो वहीं आरोपी के कब्जे से एक बुलेट मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

उल्लेखनीय है कि बहादुरपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि महलुआ तरफ से एक व्यक्ति अवैध गांजे की तस्करी करने के लिये अतरेजी तरफ आ रहा है। मुखविर की सूचना पर कैथन नदी के पुल पर चेकिंग की गई तो रात्री करीबन 9 बजे मुखबिर के बनाये अनुसार बुलेट मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आया जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा नाम पता पूछा तो उसने नाम शिवम पिता बलबंत यादव निवासी ग्राम चंदावरा थाना दिनारा जिला शिवपुरी का होना बताया। वहीं मोटरसाइकिल पर टंगे हुये थैले को चेक किया गया तो उसमे दो पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा से भरे हुये पाये गये। जिसे पर पुलिस ने जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 25 हजार रूपये बताई जा रहीं है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पूर्व के आपराधिक रिकार्ड के बारे मे जानकारी ली गई तो उसके विभिन्न अपराध विभिन्न थानों में दर्ज मिले। इस कार्रवाई थाना प्रभारी उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक रामनरेश बरुआ, विनोद रघुवंशी, प्रधान आरक्षक पुष्पराजसिंह यादव, सोनू रघुवंशी, आरक्षक अछल गुर्जर, कन्हैयालाल भील की सराहनीय भूमिका रही।

## सुपारी किलर का सहयोगी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** जगीरा यादव सुपारी किलिंग मामले मे कोतवाली पुलिस बडी सफलता हाथ लगी है। दरअसल मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी जीतू गुप्ता को ललितपुर उप्र से गिरफ्तार करते हुए उससे 315 बोर का कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस जब्त किये है।

दरअसल कोतवाली पुलिस ने 5 जनवरी सुपारी किलिंग मामले मे आरोपी कपिल दुबे निवासी हरिपुर अयोध्या उ.प्र. और आरोपी संजीव यादव निवासी शंकरपुर मगरधा को मय हथियारो के साथ गिरफ्तार किया था। तो वहीं इस मामले का मुख्य आरोपी जिसने डीलिंग कराई थी वह जीतू गुप्ता फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस द्वारा लगातार छानबीन की जा रहीं थी, उसे पुलिस ने चंदेरी रोड ग्राम अमरोद के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही उसके बताया अनुसार ने पुलिस झाड़ियों एक 315 बोर का कट्टा एवं 2 जिन्दा कारतूस जप्त किया गया। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी रविप्रताप सिंह चौहान, आरक्षक विशाल पारदी, अभयराज रघुवंशी, रविन्द्र भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एक नजर में

#### स्वदेशी संकल्प दौड़ आज

**अशोकनगर।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती के अवसर पर सोमवार 12 जनवरी को प्रात: 8 बजे से स्थानीय गांधी पार्क से तुलसी पार्क होते हुए गांधी पार्क तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया है। इसका समापन गांधी पार्क पर होगा। इस दौरान संकल्प दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। इस दौड़ का आयोजन जिले भर के सभी शासकीय एवं निजी कॉलेज तथा हायर सेकेंडरी, हाई स्कूलों में किया जाएगा। इस आयोजन के लिए विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

#### मुनिश्री सुधा सागर को किया श्रीफल भेंट

**मुंगावली।** दिगम्बर जैन पंचायत की नवीन कार्यकारणी ने शनिवार को निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर महाराज का मंगल आशीर्वाद अतिशय क्षेत्र गोलाकोट में लिया, जहां मुनिश्री ने कमेटी को मार्ग दर्शन देते हुए कहा कि जो कमेटिया होती है उनका पहला दायित्व यह है कि वह समाज को कैसे संगठित रख सके और यह अच्छी बात है कि आज समाज की सेवा भाव लेकर युवा इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। साथ मुनिश्री ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि आपके यहां जो मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है उसे जल्द जल्द से पूरा किया जाए यही लक्ष्य आप लोगों का होना चाहिए। वही नवीन परिषद ने मुनिश्री के समक्ष अपनी जिज्ञासा रखी और समाधान भी मिला। वही पिपरई में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज से श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद लिया एवं नगर आगमन को लेकर आशीर्वाद प्राप्त

# एसडीएम ने व्यापारियों के साथ की बैठक, सुधार के दिये निर्देश

## अव्यवस्थाओं को लेकर मंडी सचिव को लगाई फटकार, विश्रामगृह खुलवाने की भी कही बात

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** एसडीएम इसरार खान विगत शाम को कृषि उपज मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी सचिव और व्यापारियों के साथ संयुक्त बैठक ली। जिसमें व्यापारियों को आ रही समस्याओं को सुना और उनकी समस्या का अस्थाई निराकरण किया। दअरसल मंडी व्यापारियों ने मंडी सचिव को कुछ दिन पहले एक आवेदन देकर उन्हें आ रही समस्या को लेकर सोमवार से मंडी में खरीदी करने में असमर्थता दिखाई थी, जिसके बाद एसडीएम ने इस समस्या को लेकर गंभीरता दिखाते हुए बैठक का आयोजन किया। जिसमें सभी की समस्या को सुना जहां मंडी व्यापारियों ने कहा कि मंडी में हम व्यापारियों से टीन शेड तो खाली करा लिए गए, मगर हमें खरीदा माल रखने कोई जगह नही दी गई है। साथ हो जो फड़ आवंटित किए गए है उनमें कुछ की रजिस्ट्री हुई है एवं कुछ व्यापारियों को अभी तक फड़ आवंटित नहीं किए गए है। ऐसे में व्यापारी अपना खरीदा हुआ




माल कहा रखेंगे और तुलाई कहा कराएंगे यह समस्या है। जिसपर अधिकारियों और मंडी में व्यापारियों में अस्थाई रूप से जब तक फंड नहीं बन जाते तब तक कुछ टीन शेड में व्यापारियों अपना माल रखेंगे,वही जो व्यापारियों को फंड आवंटित करने है उनको जल्द ही फंड आवंटित कर दिए जाए इसके निर्देश भी एसडीएम द्वारा दिए गए। वही मंडी में अवस्थाओं को लेकर एसडीएम ने मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए उन्हें सुधारने के निर्देश भी दिए गए है।

**व्यापारियों ने कहा सोमवार से सुचारू रूप से जारी रखेगी मंडी में खरीदी:**
बैठक में सभी व्यापारियों ने एसडीएम से कहा कि वह सोमवार से सुचारू रूप से मंडी में खरीदी करेंगे और मंडी बंद नहीं की जाएगी, क्योंकि व्यापारियों की जो समस्या थी उसका निराकरण हो चुका है,वही फड़ आवंटित की बात भी मान ली गई है।

**सैकड़ों की संख्या में आवारा पशुओं और सूअरों का रहता जमावड़ा:**
बैठक में सबसे बड़ी समस्या आवारा पशुओं को लेकर आई, जिसमें व्यापारियों ने कहा कि बोली के समय ही सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु आ जाते है जो व्यापारियों के आसपास घूमते रहते है। जिससे किसी दिन कोई अप्रिय घटना भी घटित हो सकती है क्योंकि आवारा पशु कभी भी किसी भी व्यापारियों को घायल कर सकते है साथ ही मंडी में आने वाली ट्रालियों में अनाज में मुंह मारते है।

**सफाई के साथ किसान विश्रामलय खोलने के दिए निर्देश:**
एसडीएम इसरार खान ने बैठक में मंडी सचिव को निर्देश दिए कि जो किसान मंडी में आते है उनके लिए विश्रामलय खुलवाए जाए और उसमें साफ सफाई कराई जाए, साथ ही शुद्ध पानी की व्यस्था कराई जाए। इसके अलावा मंडी में शौचालय बने है उनकी प्रतिदिन साफ-सफाई कराई जाए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए और बिजली की भी पर्याप्त व्यस्था की जाए।

**आउटसोर्स कर्मचारी कर रहे मंडी के आधे से ज्यादा काम:**
मंडी में आउटसोर्स कर्मचारियों पर मंडी का आधे से ज्यादा भार है जिसमें प्रवेश पर्ची, डाक नीलामी पर्ची, डाक नीलामी बोली, अनुक्षा जारी कराना, मंडी टेक्स वसूली, मंडी टेक्स बैंक में जमा करना और सफाई कराना आदि कार्य शामिल है। बैठक में आवारा पशुओं का भार भी आउटसोर्स कर्मचारियों पर डाला जा रहा है जिससे वह बैठक में इस काम में अपनी असमति दिखाते नजर आए।

**इनका कहना है।**

*मंडी व्यापारियों ने सोमवार से मंडी में नीलामी न करने की बात कही थी ,जिसके बाद व्यापारियों की बैठक ली गई जिसमें अस्थाई रूप से व्यापारियों का समाधान कर दिया गया है। वहीं मंडी सचिव को मंडी व्याप्त अवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए जिन्हें जल्द ही सुधार करने को बोला, बैठक में सहमति बन गई है सोमवार से मंडी सुचारू रूप से चालू रहेगी*

***इसरार खान,***
***एसडीएम मुंगावली***

# सकल हिन्दू समाज का हिन्दू सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज द्वारा राजेबामौरा मंडल केन्द्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू एकता, संगठन और सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से हुई, इसके बाद संगीत कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की,तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का भावपूर्ण गायन किया गया। प्रेरणा गीत, देशभक्ति गीत एवं स्वागत गीतों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं आनंददायक बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह कार्यवाह महेश रघुवंशी, संत समाज से रसिक शास्त्री एवं अहिरवार समाज से डॉ आर के घघौरया और मातृशक्ति से सपना अहिरवार उपस्थित रहीं। रसिक



शास्त्री ने सनातन हिंदू भाइयों से आपस में मिलजुल कर रहने एवं देश के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता ने कहा कि भारत प्राचीन काल से वैभवशाली राष्ट्र रहा है,जहां ज्ञान, संपदा एवं संस्कृति का भंडार था। मानवता को जीवित रखने के लिए हिंदू धर्म को मजबूत करना आवश्यक है। संगठित होकर धर्म एवं देश की रक्षा करनी होगी। जातिवाद त्यागकर समरसता अपनानी होगी,क्योंकि हिंदू समाज में सभी भाई-भाई हैं। जब तीर्थों में भेद भाव नहीं, इसी भावना को समाज में लागू करना होगा। शाढ़ौरा अंचल में सकल हिंदू समाज के सम्मेलनों से धार्मिक वातावरण लगातार शाढ़ौरा अंचल में सकल हिंदू सम्मेलनों का क्रम जारी है, जिससे सम्पूर्ण हिंदू समाज में उत्साह उमंग के साथ धार्मिक वातावरण नजर आ रहा है। वहीं रविवार को शाढौरा क्षेत्र के राजेबमोरा, सेजी, मथनेर गांव में हिंदू समाज के समेलन संपन्न हुए।

# वैश्विक सुख शांति का अगवा है भारत : सुरेंद्र मिश्रा

**विशाल हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**मुख्य वक्ता के रूप में मिश्रा ने रखे विचार**

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** रविवार को कस्बे के कृषि उपज मंडी परिसर में सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और सज्जन शक्ति उपस्थित रहे। बहादुरपुर मंडल के सभी 19 ग्रामों से ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन के उपरांत समरसता भोज आयोजित हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र मिश्रा उपस्थित थे। वहीं अन्य




मंचासीन महामंडलेश्वर अजयगिरी जी महाराज, महंत श्री जगमोहन दास जी महाराज, आयोजन के संयोजक देवेंद्र गुर्जर एवं शिक्षिका कुमारी क्षमा परिहार थे। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए महंत जगमोहन दास जी महाराज ने नागरिकता के कर्तव्य याद दिलाए। उन्होंने कहा कि जब हमारा घर बनता है तो हम निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखते हैं लेकिन हमारे आसपास कोई शासकीय भवन बने तो हम यह तक ध्यान नहीं देते कि उसकी तराई भी ढंग से हो रही है या नहीं। हमें राष्ट्र की संपत्ति को अपनी संपत्ति मानकर चलना चाहिए। वहीं शिक्षिका कुमारी क्षमा परिहार ने पंच परिवर्तन विषय पर प्रभावी उद्बोधन देते हुए अपनी बात कही। उन्होंने महिलाओं की शक्ति को याद दिलाते हुए एक वीर रस से ओतप्रोत कविता भी मंच से सुनाई। इसी क्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र मिश्रा ने संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुख शांति के लिए भारत को अगुवा होने की आवश्यकता है। समूची मानव सभ्यता में केवल हम ही हैं जो सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास रहा है कि हमने आगे आके किसी भी संप्रभु राष्ट्र पर हमला नहीं किया। हमने इस विश्व को शांति का संदेश दिया है। हम अपने देवालयों में आरती के उपरांत विश्व में सद्भावना और प्राणियों में कल्याण की प्रार्थना करते हैं। हमारे देश में इस संस्कृति की वजह हिन्दू समाज है, हिंदू समाज का शक्तिशाली होना, हमारे देश का शक्तिशाली होना है। उन्होंने कहा कि देश में तीन तरह के निवासी हैं, पहले जो मेक इन इंडिया यानि कि स्वदेशी उन्नति का मंत्र जपते हैं। दूसरे लुक एट इंडिया यानि कि करना धरना कुछ नहीं है केवल समय काट रहे हैं और तीसरे हैं ब्रेक द इंडिया यानि कि येन केन प्रकारेण देश को

**शिविर**

**जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर**

# स्वास्थ्य शिविर में 530 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सेवा भारती के सहयोग से रविवार को जिला चिकित्सालय में रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर भोपाल के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिसर्च सेंटर भोपाल के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा सभी रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया एवं नि:शुल्क दवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, डॉ डीके जैन, एडीएम देवकीनंदन सिंह, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन




डॉ जय मंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध समिति सदस्य डॉ अनुराधा यादव, अभिजीत जैन, रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सीईओ अनूप सिंह भोपाल मंचासीन थे। शिविर का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के उपसभापति राजीव जैन ने किया। आभार सेवा भारती प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह रघुवंशी ने किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया द्वारा अपने संबोधन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगे भी समाज सेवा के कार्य इसी तरह करते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जय मंडल सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ दीपक मिश्रा, सहित बाल रोग विभाग से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश कांवरे नाक कान गला विभाग से डॉक्टर शिवम तिवारी मेडिसिन विभाग से डॉक्टर अंकुर गुप्ता अस्थि विभाग से डॉक्टर आयुष सोनी सर्जरी विभाग से डॉक्टर गालव तिवारी, डॉक्टर शिवानी बापट, त्वचा रोग विभाग से डॉक्टर भावना चौधरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से डॉ प्रिया अग्रवाल, रेडियो डायग्नोसिस विभाग से मिस्टर गोपाल, श्वसन चिकित्सा विभाग से डॉक्टर शिवांगी गोस्वामी द्वारा शिविर में आए विभिन्न रोगों के मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। इसके अलावा मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं आंखों की जांच हेतु विशाल नेत्र शिविर लायंस हॉस्पिटल गुना के सहयोग से आयोजित किया गया।

# नेत्र शिविर में 124 ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**रोटरी क्लब में लगाया गया शिविर**

**संस्थापक की जयंती पर किया आयोजन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने अपने संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की 78 वीं जन्म जयंती को देशभर अमृत सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में फेडरेशन के आव्हान पर रविवार को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत द्वारा रोटरी भवन में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह नेत्र शिविर में रोटरी क्लब अशोकनगर एवं श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय एवं विशेष सहयोग श्री करुणानिधि सेवा समिति के




संयुक्त तत्वाधान आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनिल पटेल एवं उनकी चिकित्सा टीम द्वारा 209 नेत्र रोगियों की आंखो जांच की गई। जिनमें से 122 मरीजों को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन श्री सद्गुरू सेवा ट्रस्ट लटेरी में किया जाएगा। जिसके चलते समिति द्वारा इनके आने जाने से लेकर खाने रहने की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अजीत कुमार जैन, विजय चौधरी , रोशन कोहली, माधव सिंह रघुवंशी , सुभाष जैन कैंची, बीडी गुप्ता , विनोद सोनी , कमल सिंह रघुवंशी, शिव गणेश आदि उपस्थित रहें। वहीं सोशल ग्रुप शाश्वत से अध्यक्ष राजीव जैन , सचिव गौरव जैन, पूर्व अध्यक्ष आदित्य जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन, डॉ. दीपक जैन, अतुल बंसल,आदि मौजूद रहे।